आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 09.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की शांति योजना के पहले चरण में इस्राइल और हमास के बीच हुए समझौते का स्वागत किया।
- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को युवाओं को प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों और विदेशों में रोजगार के अवसर दिलाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिये।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 14 करोड़ 62 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- और... केदारनाथ में अब तक 16 लाख 52 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम के दर्शन किये।

........................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की शांति योजना के पहले चरण में इस्राइल और हमास के बीच हुए समझौते का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि बंधकों की रिहाई और गजा में मानवीय सहायता पहुंचाने से लोगों को राहत मिलेगी और दीर्घकालिक शांति का मार्ग खुलेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहु के मजबूत नेतृत्व को भी दर्शाता है।

........................................................

कौशल विकास

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को युवाओं को प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों और विदेशों में रोजगार के अवसर नौकरी दिलाने की दिशा में काम काम करने को कहा। इसके लिए श्री वर्द्धन ने ओवरसीज एंप्लॉयमेंट सेल और पैनलबद्ध भर्ती एजेंसियों के माध्यम से विदेशों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि विदेशों में नौकरी की संभावनाओं को देखते हुए युवाओं को अपेक्षित प्रशिक्षण साथ ही विदेशी भाषाओं के व्यावहारिक बातचीत का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि उन्हें कोई समस्या उत्पन्न न हो। सचिव श्री सी. रविशंकर ने बताया कि विभाग द्वारा ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल का गठन कर लिया है। अभी तक 63 युवाओं को जापान और सऊदी अरेबिया में प्रशिक्षण और रोजगार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से 351 युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया

गया है, जिसमें से 315 को प्लेसमेंट मिल गया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वर्तमान में 169 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

……………………………………………

निरीक्षण किया

सरकार द्वारा बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर जारी गाइडलाइन के अंर्तगत ,खाद्य सरंक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की टीम प्रदेशभर में औचक निरीक्षण अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में औषधि विभाग की टीम ने देहरादून क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोर और शिशु रोग  अस्पतालों के मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोरों में कुल 6 पेडियाट्रिक कफ सीरप के नमूने जब्त कर, परीक्षण के लिए राज्य औषधि प्रयोगशाला भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि नमूने राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे, जहाँ उनकी गुणवत्ता और वैधता का परीक्षण किया जाएगा। श्री जग्गी ने कहा निरीक्षण का उद्देश्य, प्रदेश में केवल अनुमोदित, सुरक्षित और चिकित्सकीय रूप से स्वीकृत औषधियाँ की उपलब्धता सुनिश्चित करना है ।

……………………………………………

पारंपरिक ऐपण

बागेश्वर ज़िले में कंचन उपाध्याय नाम की महिला ने पारंपरिक ऐपण कला को नई पहचान दी है। उन्होंने इस लोककला को रोज़गार से जोड़कर न केवल खुद को, बल्कि कई अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाया है। आज वह ऐपण कला के जरिए वेस्ट मटीरियल को भी नया जीवन दे रही हैं। उन्होंने चंपावत, पिथौरागढ़ और हल्द्वानी के कलाकारों से मिलकर इस कला की बारीकियों को जाना। कंचन ने घर पर ही पुराने कपड़ों, बर्तनों और खाली बोतलों पर ऐपण बनाना शुरू किया। धीरे–धीरे यह प्रयोग उनका व्यवसाय बन गया। आज वह न केवल खुद अच्छा कमा रही हैं, बल्कि अपने साथ आठ से दस महिलाओं को भी नियमित काम दे रही हैं। अब तक 250 से अधिक महिलाएं उनके प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हो चुकी हैं।

……………………………………………

''आरबीआई कहता है''

''आरबीआई कहता है'' पहल के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक मीडिया के विभिन्न माध्यमों से लोगों के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। रिजर्व बैंक ने जन–जागरूकता संदेशों और महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने के लिए अप्रैल 2025 में सत्यापित व्हाट्सएप चौनल भी शुरू किया था। इस पहल के माध्यम से रिजर्व बैंक का उद्देश्य महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारी लोगों को आसान, सीधे और प्रभावी ढंग से सुलभ कराना है। लोगों को अब रिजर्व बैंक के व्हाट्सएप नम्बर पर आधिकारिक रूप से जानकारी मिल सकती है। ये नम्बर हैं – 9 9 9 9 0 4 1 9 3 5 और 9 9 3 0 9 9 1 9 3 5, उपयोगकर्ताओं को सलाह दी गई है कि

रिजर्व बैंक के केवल आधिकारिक खातों को ही फोलो करें, जिस पर नीले रंग का सही का निशान आता हो।

……………………………………………

वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 14 करोड़ 62 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखण्ड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीधाट (पाडली) तक मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने के लिए ₹ 9 करोड 81 लाख की धनराशि स्वीकृत दी। मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ में विभिन्न आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए एसडीआरएफ वाहिनी कन्ट्रोल रूम को कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर के रूप में स्थापित किये जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ के अन्तर्गत तहसील थल के कार्यालय भवन निर्माण के लिए भी ₹4 करोड़ 56 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने किया राज्य आन्दोलनकारी आश्रित पेंशन अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन किया।

……………………………………………

मिलावटखोरी

प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफडीए) का सघन अभियान जारी है। त्योहारी सीजन को देखते हुए सभी जिलों में एफडीए की टीमें मावा, पनीर, घी, दूध और मिठाइयों की जांच कर रही हैं। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी के नेतृत्व में देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल और चारधाम यात्रा मार्गों पर छापेमारी अभियान चल रहा है। हरिद्वार जिले के भगवानपुर में पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने एक वाहन से बिना गुणवत्ता प्रमाणन वाले डेयरी उत्पाद जब्त किए। उत्पादों पर एफ०एस०एस०ए०आई मानक अंकन या लेबलिंग नहीं थी। टीम ने उत्पादों को जब्त कर वाहन चालक और सप्लायर के खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं, ऋषिकेश में एक वाहन से नकली घी, मिल्क पाउडर और क्रीम की खेप पकड़ी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेजिंग, लेबलिंग और निर्माण तिथि अवश्य देखें और किसी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी विभाग को दें।

……………………………………………

हरिद्वार कुंभ

हरिद्वार में 2027 को होने वाले कुंभ की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस बार कुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों को डिजिटल आईडी दी जाएगी। साथ ही खोया–पाया के लिए डिजिटल पोर्टल बनाया जाएगा। इसके लिए 45 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सचिव आईटी नितेश झा ने बताया कि

डिजिटल कुंभ के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पोर्टल से भीड़ प्रबंधन से लेकर श्रद्धालुओं के लिए अत्याधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुंभ में सभी डिजिटल बदलावों को अपनाने के लिए आईटीडीए ने केंद्र के समक्ष 45 करोड़ की मांग का प्रस्ताव रखा है।

………………………………………………

केदारनाथ यात्रा

बारिश और बर्फबारी के बावजूद चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में भारी उत्साह बना हुआ है। केदारनाथ में अब तक 16 लाख 52 हजार से अधिक श्रद्धालु धाम के दर्शन कर चुके हैं। वहीं वर्ष 2024 में पूरे यात्राकाल में 16 लाख 52 हजार 76 यात्रियों ने केदारनाथ के दर्शन किये थे। वहीं कल 5 हजार 6 सौ 14 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। गौरतलब है कि केदार धाम के कपाट आगामी 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर बंद होंगे। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी यात्रा मार्गों पर आवश्यक यात्री सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाए।

………………………………………………

भारत को

भारत को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ ने सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में यह जानकारी दी। श्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है।

………………………………………………